तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
वनांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 23 सितंबर 2026

08 नन्हे कलाकारों ने तूलिका से भरे सेवा और समर्पण के...

08 लोक संस्कृति : बुनागांव में स्कूली बच्चों ने जानी बस्तर...

हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
सामान्य कूपन
23 सितम्बर 2026
कूपन नं.
17

गढ़सिलियारा में है पांचवीं-छठवीं सदी की गणेश प्रतिमा, विरासत को संरक्षण की दरकार

चिराग उपाध्याय ▸▸| केशकाल

बस्तर संभाग की ऐतिहासिक धरती अपने भीतर सदियों पुरानी संस्कृति, परंपराओं और पुरावशेषों को संजोए हुए हैं। इसी विरासत की कड़ी में गढ़सिलियारा भी महत्वपूर्ण स्थान रखता है। देवी-देवता स्थल से लगे तालाब की पूर्व दिशा में बरगद के वृक्ष के नीचे भगवान श्री गणेश एवं शिवलिंग की प्राचीन प्रतिमाएं भी मौजूद हैं। स्थानीय लोगों के लिए यह स्थान धार्मिक आस्था के साथ-साथ पुरानी विरासत का प्रतीक भी है। इसके पांचवीं-छठवीं शताब्दी का होने का अनुमान जताया जाता है। कभी गढ़ के रूप में अपनी पहचान रखने वाला यह क्षेत्र आज धीरे-धीरे गुमनामी की ओर बढ़ रहा है। गांव की ऐतिहासिक धरोहरें आज भी मौजूद हैं, लेकिन इनके संरक्षण, प्रचार-प्रसार और व्यवस्थित विकास की दिशा में ठोस पहल की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

केशकाल नगर की सीमा में होने के बावजूद गढ़सिलियारा में आज भी कई मूलभूत सुविधाओं का अभाव ग्रामीणों के सामने चुनौती है। आदिवासी बाहुल्य इस गांव के विकास के साथ-साथ यहां मौजूद ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों को संरक्षित करने की जरूरत है, ताकि आने वाली पीढ़ियां अपनी विरासत से परिचित हो सकें।

आदिवासी बाहुल्य गांव में बिखरी हैं प्राचीन धरोहरें

लोहे के प्राचीन नगाड़े भी आकर्षण का केंद्र

गांव के पूर्व दिशा में दो प्राचीन लोहे के नगाड़े आज भी मौजूद बताए जाते हैं। हालांकि ये वर्तमान में जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं। इनके संबंध में स्थानीय लोगों के बीच एक किवदंती प्रचलित है कि गढ़ के जमाने में इन्हें बजाने पर इनकी आवाज लगभग 40 कोस दूर तक सुनाई देती थी। इस तरह की लोककथाएं और पुरावशेष गढ़ सिलियारा के अतीत को जानने की उत्सुकता पैदा करते हैं। हालांकि इनसे जुड़े ऐतिहासिक दावों का वैज्ञानिक एवं पुरातात्विक सत्यापन किया जाना भी जरूरी है, ताकि वास्तविक इतिहास को प्रमाणों के साथ सामने लाया जा सके।

गांव की धरती में छिपी हैं पुरानी विरासतें

गढ़ सिलियारा में कई ऐसे स्थल और पुरावशेष मौजूद हैं, जो स्थानीय इतिहास और लोकविश्वास से जुड़े हुए हैं। इनमें ग्राम के देवी-देवता स्थल पर स्थित मां मावली (दंतेश्वरी) का पवित्र स्थल ग्रामीणों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। इसी तरह देवी-देवता स्थल से लगे तालाब की पूर्व दिशा में बरगद के वृक्ष के नीचे भगवान श्री गणेश एवं शिवलिंग की प्राचीन प्रतिमाएं भी मौजूद हैं। स्थानीय लोगों के लिए यह स्थान धार्मिक आस्था के साथ-साथ पुरानी विरासत का प्रतीक भी है।

खबर संक्षेप

करंट से किशोर की मौत पर आप ने उठाए सवाल

जगदलपुर। संजय मार्केट में 19 सितंबर को बिजली के तार की चपेट में आने से 16 वर्षीय अंशुल कश्यप की मौत के बाद आम आदमी पार्टी ने बाजार की विद्युत सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं। आप के प्रदेश संगठन मंत्री समीर खान ने कहा कि पार्टी ने पूर्व में बिजली व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं को लेकर विभाग को ज्ञापन सौंपकर सुधार की मांग की थी। बावजूद संजय मार्केट जैसे व्यस्त सार्वजनिक स्थल पर बिजली के तारों की स्थिति सुरक्षित नहीं की गई।उन्होंने कहा कि बाजार में खुले या कटे तारों की स्थिति की पहले जांच क्यों नहीं की गई और क्या संबंधित अधिकारियों को इसकी जानकारी थी, इसकी जांच होनी चाहिए। उन्होंने हादसे की जिम्मेदारी तय करने के साथ ही संजय मार्केट की विद्युत व्यवस्था की तत्काल तकनीकी जांच कराने की मांग की।आप ने मृतक किशोर के परिवार को उचित मुआवजा देने की भी मांग की है। पार्टी ने संजय मार्केट में पार्किंग, सार्वजनिक शौचालय, पेयजल, सफाई और यातायात व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता बताई। साथ ही महिलाओं के लिए प्रस्तावित पिंक टॉयलेट की स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। उन्होंने कहा कि बाजार में रोजाना बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं, इसलिए यहां नागरिक सुविधाओं के साथ विद्युत सुरक्षा भी प्राथमिकता होनी चाहिए।

युवा शक्ति ही भारत का भविष्य : कश्यप

जगदलपुर। भाजपा पूर्वी नगर मण्डल ने सेवा संकल्प अभियान के तहत दंतेश्वरी महिला महाविद्यालय में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण किया। इसमें महाविद्यालय की छात्राओं सहित जनप्रतिनिधिगण एवं कार्यकर्ता सहभागी बने। सांसद महेश कश्यप ने अपने संबोधन में कहा कि देश की युवा शक्ति ही भारत का भविष्य है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राष्ट्र सेवा के सफलतम 25 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। इस मौके पर संपूर्ण देश में सेवा संकल्प अभियान 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक निरंतर चलाया जा रहा है। इसमें आमजनों की सहभागिता के साथ विभिन्न सेवा के कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत का संकल्प लिया है। जिसे साकार रूप देने सभी का सहयोग आवश्यक है। जिसमें विशेष भूमिका देश की युवा शक्ति की है,जो आगे चलकर भारत की बागडोर संभालेंगे।

स्कूल टाइम में दीवार उपर खेल रहे बच्चे, खतरा

करपावंड। माध्यमिक शाला कोलावल के बच्चे स्कूल टाइम पर दीवार के ऊपर खड़े होकर खेलते हुए नजर आए। मुख्य रोड से लगा हुआ माध्यमिक शाला कोलावल का यह स्कूल बच्चों के जान से खिलवाड़ कर रहा है।बच्चों पर शिक्षकों का ध्यान नहीं कभी भी दुर्घटना घट सकती है। शाला के शिक्षकों को स्कूल टाइम में बच्चों पर ध्यान देने की जरूरत है।

नगरनार स्टील प्लांट के प्रभावितों ने लंबित मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने दी चेतावनी

ग्रामीणों और किसानों का एनएमडीसी गेट पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

नगरनार स्टील प्लांट से प्रभावित ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों और किसानों ने वर्षों से लंबित मांगों को लेकर 22 सितंबर से नगरनार स्टील प्लांट के एनएमडीसी के गेट नंबर-1 पर अनिश्चितकालीन हड़ताल एवं प्रदर्शन शुरू किया। प्रभावित पंचायतों के प्रतिनिधियों का कहना है कि वर्ष 2001 में नगरनार में इस्पात संयंत्र के लिए भूमि अधिग्रहण के दौरान प्रभावित गांवों और किसानों के सर्वांगीण विकास को लेकर किए गए वादे अब तक पूरी तरह पूरे नहीं हुए हैं। ग्रामीणों के अनुसार पिछले करीब एक वर्ष से एनएमडीसी प्रबंधन को लगातार पत्राचार के माध्यम से अवगत कराया जा रहा है, लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं हुई।प्रदर्शनकारियों ने एनएमडीसी प्रबंधन के समक्ष 10 प्रमुख मांगें रखी हैं। इनमें कोपागुड़ा-खुटपदर में 22 एकड़ भूमि हस्तांतरण के बावजूद 18 वर्ष बाद भी अधूरे सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का निर्माण पूरा कराने की मांग प्रमुख है। इसके अलावा स्थानीय भू-प्रभावित किसानों और बेरोजगार युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता देने की मांग की गई है।ग्रामीणों ने जगदलपुर-नगरनार मार्ग को सिक्स-लेन में तब्दील करने की भी मांग उठाई है। उनका कहना है कि भारी वाहनों की आवाजाही बढ़ने से सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।प्रभावित ग्राम पंचायतों में शिक्षा, पेयजल, बिजली, सड़क और खेल सुविधाओं के विकास के साथ-साथ तीज-त्योहार एवं स्थानीय सांस्कृतिक आयोजनों के लिए मिलने वाली वार्षिक सहयोग राशि बढ़ाने की मांग भी शामिल है। इसके अलावा संयंत्र के गेट नंबर-3 से उपजाऊ भूमि पर छोड़े जा रहे दूषित पानी से प्रभावित फसलों का उचित मुआवजा देने तथा जल शोधन और पुनर्चक्रण की व्यवस्था करने की मांग की गई है।रोजगार के लिए स्थानीय युवाओं की अधिकतम आयु सीमा 33 से बढ़ाकर 40 वर्ष करने तथा नगरनार आईटीआई में इलेक्ट्रीशियन, फिटर और मैकेनिकल इंजीनियरिंग जैसे रोजगारपरक ट्रेड में प्रशिक्षण उपलब्ध कराने की मांग भी रखी गई है।प्रदर्शनकारियों के अनुसार वर्ष 2010 में चिन्हांकित 1152 प्रभावित किसानों में से शेष 314 किसानों को एनएमडीसी में रोजगार दिया जाए तथा रोजगार मिलने तक संबंधित किसानों और उनके परिवारों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाए। साथ ही मारकेल-1, मारकेल-2, खम्हारगांव, गरावंडखुर्द और ककनवा को भी भू-प्रभावित ग्राम पंचायत का दर्जा देने की मांग की गई है।प्रभावित पंचायतों में नगरनार, आमागुड़ा, कस्तूरी, माड़पाल, करनपुर, उपनपाल, बम्हनी, खुटपदर, चोकावाड़ा, धनपुंजी, भेजापदर, तिरिया, मारकेल-1, मारकेल-2 और कावापाल शामिल हैं। ग्रामीणों ने मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने की बात कही है।

ईडी से चर्चा बेअसर

प्रभावित किसान अर्जुन सेठिया ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि धरना स्थल पर नगरनार स्टील प्लांट के ईडी और अन्य अधिकारी पहुंचे जिन्हें मांगों का ज्ञापन दिया गया और जरूरी आर्थिक मांगों को जल्द पूरा करने कहा गया। उन्होंने आश्वासन दिया लेकिन कब तक मांगे पूरी होगी इसका स्पष्ट जवाब नहीं दिया। इसलिए ईडी से चर्चा बेअसर रहा। प्रभावित सभी लोगों ने एक स्वर में निर्णय लिया है कि जब तक पूरी मांग नहीं मानी जाएगी तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

पेड़ों की कटाई से दरभा जाने वाले वाहनों के लिए मार्ग डायवर्ट

तीरथगढ़-छिंदावाड़ा से होते हुए दरभा भेजे जा रहे वाहन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

बस्तर को सुकमा से जोड़ने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग-30 के कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में आने वाली सड़क निर्माण में आ रही बाधा को दूर करने के लिए वन विभाग ने सड़क किनारे चिन्हित पेड़ों की कटाई शुरू कर दी है। पेड़ों की कटाई पूरी होने के बाद एनएच विभाग द्वारा सड़क मजबूती और चौड़ीकरण की प्रक्रिया को तेज किया जाएगा। पेड़ कटाई के चलते दरभा मार्ग पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित न हो, इसके लिए लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग ने आवागमन के लिए मार्ग को डायवर्ट किया है।

दरभा जाने वाले छोटे वाहनों को तीरथगढ़ और छिंदावाड़ा होते हुए दरभा भेजा जा रहा है। वाहन चालकों को वैकल्पिक मार्ग की जानकारी देने के लिए सड़क किनारे बोर्ड भी लगाए गए हैं, ताकि उन्हें रास्ते को लेकर किसी तरह की परेशानी न हो। विभाग द्वारा मार्ग पर यातायात व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए आवश्यक संकेतक लगाए गए हैं।

एक सप्ताह चलेगी पेड़ों की कटाई

लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग उप संभाग सुकमा के एसडीओ एसएन साहा ने बताया कि सड़क किनारे चिन्हित पेड़ों की कटाई की प्रक्रिया में करीब एक सप्ताह का समय लग सकता है। कटाई पूरी होने के बाद एनएच विभाग सड़क निर्माण से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाएगा। पेड़ों की कटाई के दौरान वाहन चालकों को निर्धारित डायवर्ट मार्ग का उपयोग करने की अपील की गई है।

बीपीएस ने परिवहन भाड़ा में कोई वृद्धि नहीं की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

परिवहन मंत्री से बीपीएस पदाधिकारीगण की चर्चा

परिवहन मंत्री केदार कश्यप से सर्किट हाउस में बस्तर परिवहन संघ के अध्यक्ष प्रदीप पाठक व संघ के अन्य पदाधिकारीयों एवं सदस्यजनों ने भेंट की। इसमें रायपुर से जगदलपुर परचून परिवहन में आ रहे अनावश्यक मतभेदों पर चर्चा की और उक्त मामले पर विस्तार से जानकारी दी गई। प्रदीप पाठक ने मंत्री को अवगत कराया कि रायपुर स्थित परचून ट्रांसपोर्टरों (गैरेज संचालकों) द्वारा मनमाने ढंग से बीपीएस के छोटे वाहन मालिकों का शोषण किया जा रहा है। वाहन की भार क्षमता से अधिक माल लोड करवाकर भेजा जाता है, किंतु भाड़ा 15 से 16 टन का ही दिया जाता है। वाहन के लोडिंग से लेकर अनलोडिंग होने तक विभिन्न प्रकार के शुल्क वाहन चालकों पर थोपा जा रहा है, उसके उपरांत भाड़ा भुगतान में भी अनलोडिंग चार्जेस के नाम पर अनावश्यक शुल्क की कटौती की जा रही है। बाजार में ऐसा भ्रम फैलाया जा रहा है कि बीपीएस द्वारा भाड़ा में वृद्धि की गई है, जिसका बीपीएस अध्यक्ष ने इंकार किया व कहा कि बीपीएस द्वारा परिवहन भाड़ा में किसी प्रकार का कोई वृद्धि नहीं की गई है।

बस्तर परिवहन संघ में 2000 से अधिक सदस्य हैं जो कि सम्पूर्ण बस्तर के अलग अलग क्षेत्रों से आते हैं, संघ अपने समस्त सदस्यों को समान अवसर देने प्रतिबद्ध है। किसी भी संस्था में या समाज मे 2000 में से किन्ही 4 से 5 सदस्यों के लिए नियम व कानून अलग नही हो सकते, सबके समानाधिकार हेतु क्यू सिस्टम (पंक्तिवद्ध) आवश्यक है, जिससे विवाद की आशंका भी कम होती है। ▸▸| शेष पेज 08 पर

इंद्रावती में एंटी-स्नेयर अभियान को मिलेगी रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर को स्नेयर मुक्त बनाने और बाघों की वैज्ञानिक निगरानी को मजबूत करने के उद्देश्य से इंद्रावती टाइगर रिजर्व एवं नोवा नेचर वेलफेयर सोसायटी द्वारा बीजापुर में एक दिवसीय एंटी-स्नेयर एवं टाइगर मॉनिटरिंग कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला का आयोजन वन मंत्री केदार कश्यप के निर्देश पर इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर के क्षेत्रीय निदेशक उत्तम कुमार गुप्ता और उप निदेशक सुमेध संजय सुरवाडे, इंद्रावती टाइगर रिजर्व के पर्यवेक्षण एवं मार्गदर्शन में किया गया। कार्यशाला में लगभग 100 वन अधिकारी एवं मैदानी कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

प्रशिक्षण में एंटी-स्नेयर वॉक की वैज्ञानिक प्रक्रिया, संभावित स्नेयर क्षेत्रों की पहचान, फंदों के संकेत, सर्च तकनीक और वन क्षेत्र में सुरक्षा संबंधी सावधानियों की जानकारी दी गई। इसके साथ ही बाघों की निगरानी के लिए ट्रैकिंग एवं मॉनिटरिंग प्रोटोकॉल का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया ▸▸| शेष पेज 08 पर

सहकार मेले में करनाल की महिला समूह ने सजाया श्रृंगार का बाजार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

सहकार मेले में हरियाणा के करनाल जिले से पहुंचीं महिला समूह की सदस्य मधु ने बताया कि शासन से आर्थिक सहयोग लेकर फैंसी श्रृंगार सामग्री बनाने का काम शुरू किया था। शुरुआत में कारोबार से अपेक्षित लाभ नहीं मिला, लेकिन आर्य युवा केंद्र से जुड़ने के बाद समूह को विभिन्न प्रदेशों में आयोजित मेलों में स्टॉल लगाने का अवसर मिलने लगा। इससे उत्पादों की बिक्री बढ़ी और समूह की आय में इजाफा हुआ। मधु ने बताया कि समूह द्वारा तैयार श्रृंगार सामग्री की बिक्री से प्राप्त राशि में से लागत निकालने के बाद बचने वाले लाभ को समूह की महिलाएं आपस में बराबर बांटती हैं। स्टॉल पर कान के टॉप्स, माला, कंगन, क्लिप, हेयर क्लीचर सहित विभिन्न प्रकार की श्रृंगार सामग्री उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ और बस्तर के बारे में पहले धारणा थी कि यह अपेक्षाकृत पिछड़ा और गरीब क्षेत्र है, इसलिए यहां सामान की बिक्री को लेकर आशंकित थीं। इसी कारण शुरुआत में यहां आने का मन नहीं था। हालांकि आर्य युवा केंद्र की ओर से आने-जाने, भोजन और ठहरने की व्यवस्था निःशुल्क किए जाने के बाद वे बस्तर ▸▸| शेष पेज 08 पर

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति की 50वीं वार्षिक आमसभा

सहकारिता से किसानों की समृद्धि का मार्ग होगा प्रशस्त

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित, जगदलपुर कार्यालय परिसर में समिति की 50वीं वार्षिक आमसभा आयोजित की गई। आमसभा में समिति के वित्तीय कार्यों की समीक्षा के साथ आगामी वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना एवं बजट पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित, जगदलपुर के उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि नानगुर मंडल अध्यक्ष हरिराम मंडावी, संस्था के प्राधिकृत अधिकारी योगेश सिंह ठाकुर, शाखा प्रबंधक दीपाली जैन, प्रधान कार्यालय से पर्यवेक्षक मनोज सिंह, इफ्को से वैभव पाण्डेय सहित संस्था के प्रबंधक सोनू राव तथा कृषकगण उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि सहकारिता व्यवस्था किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण माध्यम है। समितियों की सक्रियता, पारदर्शी कार्यप्रणाली और किसानों की सहभागिता से सहकारिता को अधिक मजबूत बनाया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि किसान हमारी सहकारी व्यवस्था के केंद्र में हैं, इसलिए समितियों को किसानों की आवश्यकताओं और हितों को प्राथमिकता देते हुए कार्य करना चाहिए। ▸▸| शेष पेज 08 पर

आमसभा में रही कृषक सदस्यों की सहभागिता

इस अवसर पर समिति के कार्यों, वित्तीय गतिविधियों तथा किसानों से जुड़े सहकारी विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। आमसभा में कृषक सदस्यों की सहभागिता ने सहकारिता व्यवस्था के प्रति उनके विश्वास और सक्रिय भागीदारी को रेखांकित किया।समिति की 50वीं वार्षिक आमसभा का आयोजन संस्था के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर रहा, जिसमें वित्तीय पारदर्शिता, आगामी कार्ययोजना और सहकारी गतिविधियों को आगे बढ़ाने को लेकर सामूहिक रूप से निर्णय लिए गए।

BMC
बी.एम. कॉलेज
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) से संबद्ध
विगत वर्षों में 100% परीक्षा परिणाम
B.Ed.
कॉलेज कोड-114336
ऑनलाईन काउंसलिंग, अंतिम तिथि : 25/09/2026, शुक्रवार
टीप- कृपया अभ्यर्थी B.Ed. काउंसलिंग में 25 अन्य कॉलेजों का विकल्प चयन करें।
अन्य कोर्सेस - BA, BCOM, BCA, BBA, DCA, BSC (Maths & Biology), PGDCA
गोकुल नगर पुलगॉव (शासकीय आई.टी.आई. के पीछे), दुर्ग
मो. - 9098849923, 9340311314, 9303893829, 9300850065
Sai समर्थ डेव्हलपर्स & बिल्डर्स
प्लॉट, फॉर्म हाऊस, खेत, मकान, फ्लैट
लुचकी चौक, तमेर पारा, दुर्ग (छ.ग.), मो.- 9303893829, 7000786116

खबर संक्षेप

मंत्री लखन लाल देवांगन आज कोण्डागांव प्रवास पर

कोण्डागांव। छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्य एवं उद्योग, वाणिज्यिक कर आबकारी एवं श्रम मंत्री तथा कोण्डागांव जिले के प्रभारी मंत्री लखन लाल देवांगन 23 सितंबर, बुधवार को कोण्डागांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री श्री देवांगन कोण्डागांव के कोपाबेड़ा उद्यान पहुंचेंगे। यहां वे सेवा मेरा योगदान कार्यक्रम के तहत आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद प्रभारी मंत्री दोपहर 1.30 बजे माध्यमिक स्कूल डोंगरीपारा जामकोटपारा में आयोजित सेवा मेरा योगदान शिविर में सम्मिलित होंगे। शिविर के माध्यम से अभियान के तहत संचालित गतिविधियों में सहभागिता करेंगे। प्रभारी मंत्री श्री देवांगन दोपहर 2.30 बजे सेवा संकल्प अभियान की समीक्षा बैठक लेंगे।

महतारी वंदन की राशि से छोटी जरूरतें हो रही पूरी

कोण्डागांव। ग्राम मुलमुला निवासी पूनम पटेल के लिए महतारी वंदन योजना परिवार की छोटी–छोटी जरूरतों को पूरा करने में आर्थिक सहारा बन रही है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में संचालित इस योजना के तहत उन्हें प्रतिमाह एक हजार रुपये की आर्थिक सहायता मिल रही है।पूनम पटेल बताती हैं कि योजना से मिलने वाली राशि का उपयोग वह अपने बच्चे की पढ़ाई–लिखाई से जुड़ी छोटी–छोटी जरूरतों को पूरा करने में करती हैं। इससे शिक्षा से संबंधित आवश्यक खर्चो् में उन्हें मदद मिल रही है। उन्होंने बताया कि आवश्यकता के अनुसार कभी घर की जरूरतों तो कभी अपनी व्यक्तिगत आवश्यकताओं के लिए भी इस राशि का उपयोग करती हैं। परिवार में कई ऐसी छोटी जरूरतें होती हैं, जिनके लिए तत्काल अतिरिक्त राशि की आवश्यकता पड़ती है। पूनम पटेल के अनुसार ऐसे समय में महतारी वंदन योजना के तहत मिलने वाली आर्थिक सहायता उनके लिए उपयोगी साबित होती है।

महतारी वंदन योजना से मिला आर्थिक संबल

कोण्डागांव। प्रदेश सरकार की महतारी वंदन योजना महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही है। ग्राम पलारी के नानीपदर निवासी सोनादई मंडावी भी महतारी वंदन योजना की हितग्राही हैं।

उन्हें योजना के तहत प्रतिमाह मिलने वाली एक हजार रुपये की राशि से आर्थिक संबल मिल रहा है। सोनादई बताती हैं कि नियमित रूप से मिलने वाली आर्थिक सहायता उनके लिए काफी उपयोगी है। वे इस राशि का उपयोग अपनी दैनिक जरूरतों को पूरा करने के साथ–साथ अपने दो छोटे बच्चों के पोषण आहार के लिए भी करती हैं। वहीं कुछ राशि भविष्य की आवश्यकताओं के लिए सुरक्षित रखती हैं। सोनादई के लिए महतारी वंदन योजना केवल आर्थिक सहायता का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने का आधार भी बन रही है। नियमित आर्थिक सहयोग से छोटी–बड़ी जरूरतों के लिए दूसरों पर निर्भरता कम करने में उन्हें मदद मिल रही है।

न्यायालय तहसीलदार ओरछा, जिला नारायणपुर (छ.ग)
रा. प्र. क्र. /202609170300022 / बी-121 / 2026

उद्घोषणा–पत्र

एतद् द्वारा ग्राम ओरछा, प.ह.नं. 02 ओरछा तहसील - ओरछा, जिला-नारायणपुर के समस्त ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सोमारू उसेण्डी पिता गिल्लुराम उसेण्डी ने आवेदन प्रस्तुत किया है कि उनके बड़े भाई खोलटूराम उसेण्डी को ग्राम ओरछा में नक्सलियों के द्वारा हत्या करने पर उनकी मृत्यु दिनांक 10/04/2011 को हुई है, आवेदक उनके बड़े भाई के मृत्यु होने पर शासकीय कार्य हेतु आश्रितता प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहता है। इस संबंध में, बैंक पास बुक, आधार कार्ड, राशन कार्ड, मृत्यु प्रमाण पत्र, प्रस्तुत किया है।
अतः उक्त संबंध मे जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से सुनवाई दिनांक 26/09/2026 को या इसके पूर्व उपस्थित होकर मेरे न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 11/09/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया जाता है।
मुहर
तहसीलदार
ओरछा

लोक संस्कृति : बुनागांव में स्कूली बच्चों ने जानी बस्तर की नवाखाई परंपरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जनपद प्राथमिक शाला बुनागांव में स्कूली बच्चों ने बस्तर की समृद्ध लोक संस्कृति, जन–आस्था और पारंपरिक कृषि परंपराओं को करीब से समझने का प्रयास किया। शिक्षक सूरज नेताम एवं मोनिका साहू के मार्गदर्शन में बच्चों ने बस्तर की पारंपरिक 'नवाखाई पर्व' परंपरा को अनूठे और प्रतीकात्मक रूप में प्रस्तुत किया।

बैगलेस डे पर आयोजित विशेष प्रदर्शनी में बच्चों ने मिट्टी से तैयार किए गए पारंपरिक खिलौनों और विभिन्न धरोहरों का प्रदर्शन किया। बच्चों ने मिट्टी के छोटे–छोटे बर्तनों का निर्माण कर उनमें विभिन्न पारंपरिक व्यंजन भी तैयार किए। प्रदर्शनी में बच्चों की रचनात्मकता और उत्साह देखने को मिला।

शिक्षक सूरज नेताम ने बच्चों को नवाखाई पर्व की मान्यता और महत्व की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नवाखाई दो शब्दों 'नवा' और 'खाई' से मिलकर बना है, जिसका अर्थ है 'नया खाना'। बस्तर के जनजातीय समुदायों में यह नई फसल, विशेषकर धान के आगमन की खुशी का पर्व माना जाता है। नवाखाई के अवसर पर किसान नई फसल को अपने कुल देवताओं, ग्राम देवताओं और प्रकृति माता को समर्पित करते हैं। इसके बाद नए

मिट्टी के खिलौनों और पारंपरिक बर्तनों की अनूठी प्रदर्शनी ने मोहा मन

अनाज से तैयार पारंपरिक पकवानों का प्रसाद परिवार के साथ ग्रहण किया जाता है। यह परंपरा प्रकृति के प्रति आभार और कृषि संस्कृति से जुड़े जीवन–मूल्यों को दर्शाती है। प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा मिट्टी से बनाए गए 'नंदिया बैल' विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। इन खिलौनों के माध्यम से कृषि संस्कृति में बैलों की उपयोगिता और उनके पूजनीय स्थान को प्रदर्शित किया गया।

बच्चों ने मिट्टी से 'कोंडी बुची' सहित खाना पकाने और घरेलू उपयोग में आने वाले पारंपरिक छोटे बर्तन भी तैयार किए। इन कला—तियों के माध्यम से बस्तर के पारंपरिक ग्रामीण जीवन की झलक प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर शिक्षक सूरज नेताम ने बच्चों को छत्तीसगढ़ की विभिन्न संस्कृतियों, त्योहारों, रीति–रिवाजों और लोक परंपराओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों और लोक विरासत से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया। शिक्षकों एवं स्थानीय नागरिकों ने बच्चों के प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि मिट्टी के खिलौनों और पारंपरिक बर्तनों की यह प्रदर्शनी केवल कला का प्रदर्शन नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों, लोक परंपराओं और जनजातीय आस्था से जोड़ने का सुंदर माध्यम है।

समय–सीमा बैठक में अधिकारियों को दिए जरूरी निर्देश

योजनाओं और निर्माण कार्यों की कलेक्टर ने की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने मंगलवार को जिला कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा बैठक में शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन, जनसमस्याओं के निराकरण तथा विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को लंबित कार्यों को समय–सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सेवा संकल्प अभियान के तहत आगामी गतिविधियों की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने बुधवार को आयोजित होने वाले 'सेवा मेरा योगदान' के अंतर्गत पौधारोपण, जिला स्तरीय शिविर सहित अन्य गतिविधियों के सुव्यवस्थित आयोजन के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी विभागों को 'बस्तर मुन्ने' पोर्टल पर अपनी विभागीय योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों की अद्यतन जानकारी अनिवार्य रूप से दर्ज करने को कहा। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, सेवा सेतु एवं सीपीग्राम में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता से समय–सीमा में निराकरण करने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर ने जिले के विभिन्न संस्थानों एवं कोचिंग संस्थानों के भवनों में फायर सेफ्टी सहित अन्य सुरक्षा मानकों की जांच कराने तथा निर्धारित मानकों का अनिवार्य रूप से पालन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को आईगॉट कर्मयोगी पोर्टल पर प्रतिमाह कम से कम एक ऑनलाइन कोर्स पूरा करने के निर्देश भी दिए। खाद्य विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने जिले की सभी उचित मूल्य दुकानों में समय पर राशन सामग्री पहुंचाने के निर्देश दिए, ताकि हितग्राहियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

कलेक्टर ने कोण्डागांव में अमृत मिशन के तहत निर्माणाधीन कार्योर् की प्रगति की जानकारी लेते हुए कार्योर् में तेजी लाने को कहा। स्वास्थ्य केन्द्रों, महतारी सदन, पंजीयन कार्यालय सहित अन्य निर्माण कार्योर् को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने टीबी जांच में तेजी लाने, चिन्हांकित मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने तथा शेष पात्र नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य शीघ्र पूरा करने को कहा। रोजगार अधिकारी को जिले में प्रत्येक माह रोजगार मेला आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में एग्रीस्टैक पंजीयन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, श्रम पंजीयन एवं प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने लंबित प्रकरणों का समय–सीमा में निराकरण करते हुए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, अपर कलेक्टर एवं एसडीएम कोण्डागांव अजय उरांव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

नेशनल हाईवे -30 पर तेज रफ्तार कार ने बुजुर्ग को मारी टक्कर

सड़क पार करने के दौरान हुआ हादसा

» बोरगांव ढाबा के पास हादसा, टक्कर के बाद अज्ञात कार
» चालक मौके से फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नेशनल हाईवे-30 पर बोरगांव ढाबा के पास सोमवार रात सड़क पार कर रहे एक बुजुर्ग को अज्ञात कार ने टक्कर मार दी। हादसे में बुजुर्ग घायल हो गया। दुर्घटना के बाद कार चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार, रायपुर निवासी मोहन लाल टाटिया अपने परिजन कमलेश चोपड़ा निवासी कांकेर के साथ शोक कार्य में शामिल होने गीदम गए हुए थे, जो गीदम से यात्रीबस में सवार होकर अपने घर वापस आ रहे थे। यह यात्री बस रात करीब 9 बजे नेशनल हाइवे 30 बोरगांव ढाबा के पास रुकी। इसी दौरान मोहन लाल बस से उतरकर बाथरूम करने के लिए सड़क पार कर रहे थे, तभी रायपुर की ओर से तेज गति से आ रही अज्ञात कार ने उन्हें टक्कर मार दी। फिर कार चालक जगदलपुर की ओर फरार हो गया। टक्कर के बाद बुजुर्ग घायल हो गया। हादसे में मोहन लाल के हाथ, दोनों पैर, कलाई, कंधा और कमर में चोट आई है। हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोग एकत्र हो गए। स्थानीय लोगों ने घायल बुजुर्ग को तत्काल उपचार के लिए फरसगांव अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर उपचार हेतु रात करीब 11 बजे रायपुर रिफर किया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर के बाद वाहन चालक कुछ देर रुके बिना मौके से फरार हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में लोगों ने हाईवे पर वाहनों की तेज रफ्तार और सड़क पार करने के दौरान सुरक्षा को लेकर चिंता जताई। मामले में पुलिस द्वारा दुर्घटना के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है और फरार वाहन की तलाश की जा रही है।

नन्हे कलाकारों ने तूलिका से भरे सेवा और समर्पण के रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ प्राथमिक शाला जोंधरा पदर में चित्रकला प्रतियोगिता

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 76वें जन्मदिवस पर प्राथमिक शाला जोंधरापदर में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के बच्चों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा और उत्साह के साथ इस अवसर को रचनात्मक गतिविधि के रूप में मनाया।

सेवा का संकल्प विषय पर आयोजित प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। नन्हें कलाकारों ने तूलिका और रंगों के माध्यम से 'स्वच्छ भारत', 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मानवता की सेवा' जैसे विषयों को कागज पर जीवंत किया। विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाओं के जरिए यह संदेश देने का प्रयास किया कि समाज और देश की निःस्वार्थ सेवा ही सबसे बड़ा संकल्प है। बच्चों की रचनात्मकता और विचारों ने प्रतियोगिता को विशेष बनाया।

आयोजन विद्यालय की प्रधान पाठक मधु तिवारी एवं शिक्षिका सुश्री सरिता शोरी के मार्गदर्शन और संयोजन में संपन्न हुआ।

मां लिंगेश्वरी दर्शन के लिए पुलिस अलर्ट

फरसगांव। आलोर झाटीबन की पहाड़ी में स्तिथ मां लिंगेश्वरी गुफा मंदिर का द्वार आज बुधवार 23 सितंबर को श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोला जाएगा। इसे देखते हुए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं।

मंदिर परिसर और आसपास के प्रमुख स्थानों पर बड़ी संख्या में पुलिस जवानों की तैनाती की गई है। पुलिस बल द्वारा श्रद्धालुओं की आवाजाही, पार्किंग, कतार व्यवस्था और यातायात पर नजर रखी जाएगी। भीड़ को नियंत्रित करने के साथ किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस टीमों को अलग-अलग स्थानों पर तैनात किया गया है। दर्शन के लिए एक दिन पहले से ही श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी है और मंदिर मार्ग पर लंबी कतारें देखी जा रही हैं। पुलिस एवं प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं से व्यवस्था बनाए रखने, निर्धारित मार्ग का उपयोग करने और पुलिस जवानों का सहयोग करने की अपील की गई है।

अस्पताल मैदान में सजी संगीत की महफिल विधायक टेकाम व सांसद नेताम हुईं शामिल

फरसगांव की रात हुई सुरमयी अनुराग शर्मा के गीतों पर झूमे दर्शक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नगर के सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति द्वारा गणेश उत्सव के अवसर पर सोमवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध गायक अनुराग शर्मा ने अपनी प्रस्तुति से फरसगांव की रात को सुरमयी बना दिया। अस्पताल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम, राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और आसपास के क्षेत्र से हजारों की संख्या में दर्शक शामिल हुए। कार्यक्रम रात 10.30 बजे देर रात 2 बजे तक चला। अनुराग शर्मा ने अपने गीतों की प्रस्तुति देकर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। उनके गीतों पर युवा समेत सभी उम्र के दर्शक झूमते नजर आए। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल मैदान दर्शकों से खचाखच भरा रहा।

फरसगांव में पहली बार इतने बड़े स्तर पर आयोजित इस संगीत कार्यक्रम को लेकर नगरवासियों और क्षेत्र के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सार्वजनिक गणेश उत्सव समिति के सदस्यों ने व्यापक तैयारियां की थीं। देर रात तक चले इस आयोजन ने गणेश उत्सव की खुशियों में चार चांद लगा दिए। वहीं सुरक्षा के मद्देनजर फरसगांव थाना पुलिस के जवान सड़क और कार्यक्रम स्थल पर तौनात रहे।

पेज 07 के शेष ...

बीपीएस ने परिवहन भाड़ा...

किन्तु परचून ट्रांसपोर्टर गैरेज संचालक अपनी स्वयं की गाड़ियों को बिना क्यू पंक्तिवद्ध के रायपुर पहुंचने पर तत्काल बिना इंतज़ार के अपने परचून गैरेज में लोडिंग करवाया जाता है व संघ के अन्य सभी सदस्य लाइन लगाकर अपनी बारी आने का 10 दिन इंतज़ार करते हैं। लोडिंग, परिवहन व अनलोडिंग की प्रक्रिया पूर्ण करने पश्चात जब भार क्षमता से कम भाड़ा मिलता है तब संघ का सदस्य मायूसी के साथ अपनी आपत्ति दर्ज करता है।

इंद्रावती में एंटी-स्नेयर...

गया। प्रशिक्षण में बाघ एवं अन्य वन्यजीवों के अप्रत्यक्ष संकेतों की पहचान, पगमार्क, स्कैट, स्क्रैच, किल साइट, कैमरा ट्रैप और अन्य साक्ष्यों के दस्तावेजीकरण की प्रक्रिया समझाई गई। ट्रेल वॉक तथा फील्ड डेटा कलेक्शन के माध्यम से प्राप्त जानकारी को व्यवस्थित रूप से दर्ज करने पर भी जोर दिया गया। कार्यशाला में मनोज बघेल, एसडीओ कोर एरिया, अजय कावरे, एसडीओ बफर एरिया, कुबेर चरण बारिहा, एसडीओ भैरमगढ़ सहित विभिन्न रेंजों के अधिकारी एवं मैदानी कर्मचारी शामिल रहे। ***टाइगर मॉनिटरिंग की दी जानकारीः*** तकनीकी एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण नोवा नेचर वेलफेयर सोसायटी की टीम ने दिया। टीम में एम. सुरज, मोइज अहमद, सिद्धांत जैन एवं भूपेंद्र जगत शामिल रहे। प्रशिक्षण के दौरान मैदानी परिस्थितियों में एंटी-स्नेयर वॉक और टाइगर मॉनिटरिंग को सुरक्षित एवं व्यवस्थित तरीके से संचालित करने की जानकारी दी गई। कार्यशाला में प्रमुखता से शामिल रहेः कार्यशाला में स्नेयर की पहचान और खोज तकनीक का प्रशिक्षण, पगमार्क, स्कैट व किल साइट का दस्तावेजीकरण, कैमरा ट्रैप व फील्ड डेटा संकलन पर जोर, टाइगर ट्रैकिंग एवं मॉनिटरिंग प्रोटोकॉल की जानकारी रही। रेंज अधिकारी, डिप्टी रेंजर, बीट गार्ड और पेट्रोलिंग गार्ड मौजूद थे।

सहकार मेले में करनाल...

पहुंचीं। यहां लोगों की ओर से उत्पादों को अच्छा प्रतिसाद मिला और उम्मीद से बेहतर बिक्री हुई। मधु ने कहा कि बस्तर आकर धारणा बदली है। यहां लोगों ने उनके उत्पादों को पसंद किया और खरीदारी भी की। उन्होंने सहकार मेले की आयोजन व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि आयोजकों की ओर से प्रतिभागियों के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है।

सहकारिता से किसानों की ...

उन्होंने संस्था की 50वीं वार्षिक आमसभा के अवसर पर सभी सदस्यों, कर्मचारियों एवं कृषकगणों को शुभकामनाएं देते हुए आगामी वित्तीय वर्ष में संस्था के बेहतर संचालन और प्रगति की कामना की।आमसभा के दौरान संस्था के वित्तीय वर्ष 2025-26 के लेखा-जोखा को प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के प्रस्तावित बजट पर भी चर्चा की गई। उपस्थित सदस्यों एवं कृषकगणों की सहमति के पश्चात दोनों का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया।

HEALTH TOWN

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

पाइल्स
क्षार सूत्र विशेषज्ञ, 15000 से ऊपर सफल चिकित्सा, देश-विदेशों में भी प्रचलित।
समय : सुबह 9.30 से रात 8.00 बजे तक
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(25 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
9039050422, 9179455561
सरस्वती दाल मिल के सामने, गली नं. 3, अशोक विहार, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, फाफाडीह मेन रोड, रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

यूजीसी नेट में उमेश्वरी ने हासिल की सफलता

दंतेवाड़ा। कुआकोंडा बैदीपारा निवासी सुन्दरलाल बघेल, लिपिक, कृषि विभाग दंतेवाड़ा एवं गंगा देवी की सुपुत्री कु. उमेश्वरी बघेल ने राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा यूजीसी नेट जून 2026 में वाणिज्य विषय से सफलता हासिल की है। उन्होंने असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती एवं पीएचडी प्रवेश हेतु आयोजित इस परीक्षा में क्वालीफाई किया है। कु. उमेश्वरी बघेल ने अपनी स्नातक शिक्षा बी.कॉम. हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग से तथा स्नातकोत्तर एम.कॉम. शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दंतेवाड़ा से वर्ष 2025 में पूर्ण की है। वे सत्र 2024-25 में एम.कॉम. के प्रथम पास आउट बैच की छात्रा रही हैं। कु. उमेश्वरी ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित यूजीसी नेट परीक्षा में अपने द्वितीय प्रयास में यह सफलता अर्जित की है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, परिजनों एवं शुभचिंतकों में हर्ष का माहौल है। उनकी सफलता को दंतेवाड़ा के लिए भी गौरव का विषय माना जा रहा है। कु. उमेश्वरी बघेल की इस उपलब्धि पर परिजनों, शिक्षकों एवं शुभचिंतकों ने उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और आगामी शैक्षणिक जीवन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

महेश को मिला ढाई लाख का निःशुल्क इलाज

बीजापुर। बीजापुर निवासी महेश बेलसरिया के लिए वर्ष का समय स्वास्थ्य संबंधी गंभीर चुनौती लेकर आया। परिवार की सीमित आमदनी के बीच अचानक बिगड़ी तबीयत ने पूरे परिवार की चिंता बढ़ा दी। जाँच के बाद पता चला कि उनकी किडनी ने काम करना बंद कर दिया है और उन्हें एक्यूट किडनी इंजरी/रीनल फेल्योर की गंभीर समस्या है। ऐसी स्थिति में तत्काल विशेषज्ञ उपचार और डायलिसिस जैसी चिकित्सा सेवाओं की आवश्यकता होती है, जिसका खर्च उठाना सामान्य परिवार के लिए कठिन हो सकता है। महेश के परिवार के पास आयुष्मान भारत कार्ड होने से इलाज के दौरान आर्थिक चिंता काफी हद तक दूर हो गई। बेहतर उपचार के लिए उन्हें रायपुर स्थित बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में भर्ती कराया गया। अस्पताल में जनरल मेडिसिन श्रेणी के अंतर्गत उनका उपचार किया गया। इलाज के दौरान भर्ती, आवश्यक जाँच, दवाइयों और चिकित्सा उपचार सहित कुल 249205 रुपए का खर्च आया।

निधन

हुकुम सिंह भदौरिया

जगदलपुर। लालबाग निवासी एलआईसी के अभिकर्ता कुलदीप सिंह भदौरिया के पिता हुकुम सिंह भदौरिया का आज सुबह स्वर्गवास हो गया। अंतिम यात्रा गृह निवास लालबाग अमागुड़ा से शाम 3.30 बजे मुक्तिधाम के लिए निकली। वे कुलदीप, जगदीप सिंह एवं अमर भदौरिया के पिता थे। अंतिम यात्रा में समाज के लोग, एलआईसी अभिकर्ता तथा शहरवासी शामिल थे। वे भरापूरा परिवार छोड़ गए।

कोंटा नगर पंचायत के 15 वार्डों का आरक्षण तय

कई दावेदारों को झटका तो कई वरिष्ठों की सीटें आरक्षित

आरक्षण सूची जारी होते ही बदला चुनावी समीकरण

महिला आरक्षण वाले वार्डों में नए चेहरों की बढ़ी संभावनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा/कोंटा

कोन्टा नपं को लेकर होने वाले चुनाव को लेकर 21 सितंबर को आरक्षण की प्रक्रिया की गई। इस दौरान कई वार्डो के आरक्षण ने अरमानों पर पानी फेर दिया। वही पिछले कुछ दिनों से अंदर ही अंदर तैयारी कर चुके नेताओं को भी आरक्षण ने घर बैठने पर मजबुर कर दिया। आगामी नगरीय निकाय चुनाव को लेकर नगर पंचायत कोंटा में राजनीतिक सरगर्मी अचानक तेज हो गई है। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सुकमा में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार की मौजूदगी में नगर पंचायत कोंटा के 15 वार्डों के आरक्षण की प्रक्रिया विधिवत संपन्न हुई। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और नागरिकों की मौजूदगी में वार्डवार आरक्षण की स्थिति स्पष्ट होने के बाद अब चुनावी दावेदारों के समीकरण तेजी से बदलने लगे हैं।

■ राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और नागरिकों की रही मौजूदगी

जोर का झटका लगा

आरक्षण सूची सामने आते ही जहां लंबे समय से अपने वार्ड से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे कई संभावित दावेदारों को मायूसी हाथ लगी है, वहीं कुछ वार्डों के आरक्षित होने से कई वरिष्ठ नेताओं और पुराने पार्षदों के सामने भी नए राजनीतिक विकल्प तलाशने की स्थिति बन गई है। दूसरी ओर आरक्षण ने ऐसे नए चेहरों के लिए भी रास्ता खोल दिया है, जो लंबे समय से स्थानीय राजनीति में सक्रिय होने के बावजूद चुनावी अवसर की प्रतीक्षा कर रहे थे।

इन वार्डों में हुआ आरक्षण

जारी सूची के अनुसार नगर पंचायत कोंटा के वार्ड क्रमांक 1, 3, 9, 10 और 12 अनुसूचित जनजाति मुक्त के लिए आरक्षित किए गए हैं। वहीं वार्ड क्रमांक 2 और 5 अनुसूचित जनजाति महिला के लिए आरक्षित हैं। वार्ड क्रमांक 8 अनुसूचित जाति मुक्त के लिए आरक्षित किया गया है। इसी तरह वार्ड क्रमांक 4, 6, 7 और 15 अनारक्षित मुक्त रखे गए हैं, जबकि वार्ड क्रमांक 11, 13 और 14 अनारक्षित महिला के लिए आरक्षित किए गए हैं। आरक्षण की स्थिति स्पष्ट होने के बाद अब प्रत्येक वार्ड में संभावित प्रत्याशियों की दावेदारी और राजनीतिक गणित पर चर्चा शुरू हो गई है।

कई दावेदारों की उम्मीदों पर फिरा पानी

आरक्षण की घोषणा के बाद सबसे बड़ा असर उन दावेदारों पर पड़ा है, जो लंबे समय से अपने-अपने वार्ड में जनसंपर्क कर रहे थे और टिकट की उम्मीद लगाए बैठे थे। वार्ड आरक्षित होने के कारण ऐसे कई संभावित उम्मीदवारों को अब दूसरे वार्ड से चुनाव लड़ने अथवा पार्टी संगठन में नई भूमिका तलाशने पर विचार करना पड़ सकता है। विशेषकर जिन वार्डों में अनुसूचित जनजाति महिला या अन्य वर्ग के लिए आरक्षण हुआ है, वहां सामान्य वर्ग के कई दावेदारों की संभावित दावेदारी प्रभावित हुई है। कुछ वार्डों में लंबे समय से सक्रिय वरिष्ठ पार्षदों और राजनीतिक कार्यकर्ताओं के लिए भी आरक्षण ने नए समीकरण खड़े कर दिए हैं।

चार वार्डों में खुला मुकाबला

वार्ड क्रमांक 4, 6, 7 और 15 अनारक्षित मुक्त होने के कारण इन वार्डों में संभावित दावेदारों की संख्या अधिक होने की संभावना है। यहां पार्टी के पुराने कार्यकर्ताओं के साथ-साथ नए चेहरे भी अपनी दावेदारी मजबूत करने में जुट सकते हैं। टिकट वितरण के समय इन वार्डों में पार्टी के भीतर प्रतिस्पर्धा देखने को मिल सकती है। आरक्षण के बाद अब कोंटा की राजनीति में अगला बड़ा चरण प्रत्याशी चयन का होगा। कौन सा राजनीतिक दल किस वार्ड से किस चेहरे पर दांव लगाता है, यह आने वाले दिनों में स्पष्ट होगा। फिलहाल आरक्षण ने चुनावी बिसात जरूर बदल दी है और कई दावेदार मायूस, कई वरिष्ठ नेता नए वार्ड की तलाश में तथा नए चेहरों में चुनाव लड़ने की उम्मीद दिखाई देने लगी है। आने वाले दिनों में कोंटा की गलियों में जनसंपर्क, बैठकों और दावेदारों की सक्रियता और बढ़ने के आसार हैं।

महिला दावेदारों को मिलेगा अवसर

वार्ड क्रमांक 2, 5, 11, 13 और 14 में महिला आरक्षण के चलते अब महिला दावेदारों की सक्रियता बढ़ने की संभावना है। राजनीतिक दलों के सामने भी इन वार्डों के लिए ऐसे महिला चेहरों की तलाश चुनौती होगी, जिनकी स्थानीय स्तर पर पकड़ और जनसंपर्क मजबूत हो। इसके साथ ही कई राजनीतिक परिवारों से जुड़े नए चेहरों के भी सामने आने की चर्चा शुरू हो गई है।

भतीजे ने चाचा को घर बैठाया

कलेक्टोरेट में आरक्षण के दौरान कई हास्यापद दौर भी देखने को मिला। खासकर वार्ड क्रं. 13 से वर्तमान पार्षद पी. विजय के वार्ड के आरक्षण की पर्ची उनके भतीजे पूर्णा चंद्र नायडु ने निकाली जो कि महिला आरक्षित हो गई। इसी तरह वार्ड क्रं. 14 के लिए उम्मीद लगाये बैठे मंडल महामंत्री पुल्ली गोलु की चिट मंडल अध्यक्ष ने निकाली और वो भी महिला आरक्षित हो गई। इसी तरह वार्ड क्रं. 11 से भाजपा जिला उपाध्यक्ष साई रेड्डी की संभावना पर भी पानी फेर दिया जब कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुधीर पांडे ने पर्ची निकाल कर महिला आरक्षित कर दिया। वही वार्ड क्रं. 05 से एकमात्र भाजपा पार्षद रही श्रीमति राउल्लमा के लिए वर्तमान नपं अध्यक्ष श्रीमति मौसम जया ने पर्ची निकाल कर हरी झंडी दिखा दी।

गणेश चतुर्थी पर सांस्कृतिक भवन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड/घाटलोहंगा

गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर छत्तीसगढ़ उपनेता प्रतिपक्ष एवं बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने विकासखंड बस्तर के अंतर्गत ग्राम पंचायत करमरी पहुंचकर सांस्कृतिक भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया।

■ आड़ावाल में भवन निर्माण के लिए 4 लाख की घोषणा

माता-बहनों एवं गांव के वरिष्ठजनों ने उन्हें स्नेह और आशीर्वाद प्रदान किया। विधायक ने सभी ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए नुवाखाई जुहार भेंट की शुभकामनाएं दीं। विधायक के ग्राम आगमन से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस दौरान ग्राम की विभिन्न समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष मांगें रखीं। ग्रामीणों ने महादेव मंदिर में शेड निर्माण के लिए प्रस्ताव के माध्यम से जानकारी दी, जिस पर विधायक ने संज्ञान लेते हुए जल्द ही निर्माण कार्य कराने का आश्वासन दिया। सरपंच एवं जनपद सदस्य के प्रस्ताव के माध्यम से आंगनबाड़ी के नवीन भवन निर्माण की मांग भी रखी गई। इस पर विधायक कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में गांवों के विकास कार्य प्रभावित हुए हैं, उन्होंने कहा कि सरकार को ग्रामीण क्षेत्रों के विकास, मूलभूत सुविधाओं और आम जनता की समस्याओं पर प्राथमिकता से ध्यान देना चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों की मांगों को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक पहल का भरोसा दिलाया। विधायक लखेश्वर बघेल ग्राम पंचायत आड़ावाल पहुंचे, जहां गणेश समिति के सदस्यों एवं ग्रामवासियों ने उनका स्वागत किया। विधायक ने गणेश पंडाल में भगवान श्री गणेश की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। साथ ही ग्रामीणों को नुवाखाई पर्व की बधाई दीं। ग्राम पंचायत आड़ावाल में ग्रामीणों की मांग के अनुरूप सांस्कृतिक भवन निर्माण के लिए 4 लाख देने की घोषणा की। इस घोषणा पर ग्रामवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विधायक का आभार जताया और क्षेत्र के विकास के लिए उनके प्रयासों की सराहना की। इस दौरान मानसिंह कवासी, हेमराज बघेल, सोनारु मौर्य, सम्पत मौर्य, गोंचू, पीलू बघेल, मेघनाथ, मोहन मौर्य, सुकुल, सालिक बघेल, बलिराम कश्यप, सुखराम पटेल, सुखदेव बघेल, दशमु, गुड्डू, बलराम, महेश कश्यप, राजेश कुमार, तुलसीराम ठाकुर सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

एथलेटिक्स में बेटियों ने दिखाया दमखम कई स्वर्ण जीतकर बढ़ाया जिले का मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

खेल के मैदान में बीजापुर जिले के खिलाड़ियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा और मेहनत का शानदार प्रदर्शन किया है। 26वीं राज्य स्तरीय शालेय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बीजापुर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न स्पर्धाओं में स्वर्ण और रजत पदक अपने नाम किए। धरमपुरा जिला बस्तर जगदलपुर में 17 से 20 सितम्बर तक आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बीजापुर जिले से पुनेम पाकलु, अंजली कारम और संतोषी भण्डारी ने हिस्सा लिया। तीनों खिलाड़ियों ने अलग-अलग आयु वर्ग और स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। अंडर-14 बालक वर्ग में पुनेम पाकलु ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 600 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक तथा 400 मीटर दौड़ में रजत पदक हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि ने प्रतियोगिता में बीजापुर की मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। अंडर-17 बालिका वर्ग में संतोषी भण्डारी ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए 400 मीटर, 800 मीटर और 1500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक हासिल किए। एक ही प्रतियोगिता में तीन स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीतकर उन्होंने अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का परिचय दिया। अंडर-19 बालिका वर्ग में अंजली कारम ने भी शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने 100 मीटर, 4×100 मीटर रिले और 4×400 मीटर रिले स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक हासिल कर जिले को गौरवान्वित किया। कलेक्टर विश्वदीप एवं जिला शिक्षा अधिकारी राजेश पांडे ने उन्हें बधाई देते उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता के दौरान एपीसी मो. जाकिर खान, डी. सुब्बैया एवं संदीप कुमार गुप्ता एथलेटिक्स कोच उपस्थित रहे और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। बीजापुर के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से जिले के अन्य युवा खिलाड़ियों को भी आगे बढ़ने और खेल के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल करने की प्रेरणा मिली है।

लैम्पस की वार्षिक आमसभा में सदस्यों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित कोलचूर की वार्षिक आमसभा का आयोजन मंगलवार को समिति कार्यालय कोलचूर के सभाकक्ष में किया गया। समिति द्वारा जारी सूचना के अनुसार आमसभा में सदस्यों की उपस्थिति में वर्ष 2025-26 के वार्षिक पत्रक सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

बैठक में वर्ष 2025-26 के वार्षिक पत्रक का अवलोकन, वर्ष 2024-25 के ऑडिट नोट में उल्लेखित आपत्तियों के पालन प्रतिवेदन एवं ऑडिट नोट को पारित करने, वर्ष 2026-27 के अनुमानित बजट को स्वीकृति देने तथा ऋण वितरण एवं ऋण वसूली से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। इसके अलावा सदस्यों की अधिकतम ऋण सीमा निर्धारित करने तथा अन्य विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। आमसभा में बड़ी संख्या में समिति के सदस्य एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने समिति के कार्यों एवं आगामी वित्तीय वर्ष की योजनाओं को लेकर चर्चा की। समिति द्वारा जारी सूचना पत्र में आमसभा का समय दोपहर 12 बजे निर्धारित किया गया था। दस्तावेज के अनुसार निर्धारित गणपूर्ति पूरी नहीं होने की स्थिति में आधे घंटे की प्रतीक्षा के बाद उपस्थित सदस्यों के माध्यम से उसी स्थान पर सभा की कार्यवाही पूरी किए जाने की सूचना दी गई थी।

ये रहे मौजूद

प्राधिकृत अधिकारी शाखा प्रबंधक कमलू राम कश्यप, लैम्पस प्रबंधक गौतम तिवारी, बस्तर प्रबंधक राजीव त्रिपाठी, कोलचूर सरपंच रयमती कश्यप, हीरासिंह पटेल, रमेश बघेल, भिखारी पटेल, लखमू राम कश्यप, बालिसिंह ठाकुर एवं बड़ी संख्या में किसान और समस्त लैम्पस स्टाफ उपस्थित थे।

मददेड में आस्था का अद्भुत महासंगम

विघ्नहर्ता के दरबार में गूंजेगी प्रभु श्रीराम की अमर कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मद्देड़

बीजापुर जिले के भोपालपटनम तहसील अंतर्गत ग्राम मद्देड़ की पावन धरा एक बार फिर अगाध श्रद्धा, अटूट विश्वास और भक्ति के रंग में रंगने जा रही है।

पूर्वजों द्वारा सौंपी गई 80 वर्षों की ऐतिहासिक एवं दिव्य धरोहर को संजोते हुए, इस वर्ष भी 'श्री गणेश नवरात्रि' के पावन पर्व पर श्रीराम मंदिर प्रांगण में 24 घंटे का अखण्ड रामायण महापाठ आयोजित किया जा रहा है।

■ 80 वर्ष पुरानी दिव्य परंपरा का भव्य आयोजन

यह महाआयोजन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि गांव की सांस्कृतिक एकता और बुजुर्गों के आशीर्वाद का वह अमृत है, जिसे हम सब मिलकर हर साल नई ऊर्जा से सींचते हैं।

अखण्ड रामायण महापाठ की रूपरेखा

मंगलाचरण व शुभारंभ 23 सितंबर प्रातः 11 बजे से, महापाठ समापन 24 सितंबर प्रातः 11 बजे। पाठ समापन के पश्चात विधि-विधान से हवन-पूर्णाहुति, विसर्जन और तदुपरांत विशाल महाप्रसाद भंडारा होगा। मान्यता है कि जहां 24 घंटे रामचरितमानस की चौपाइयां गूंजती हैं, वहाँ के सारे कष्ट, व्याधियां और चिंताएं स्वतः मिट जाती हैं। कई भक्तजन श्रद्धा से बप्पा की सेवा में जुटे हैं, कोई दिव्य मूर्ति भेंट कर रहा है, कोई दीप प्रज्जवलन हेतु तेल-बाती दे रहा है, तो कोई पूजन और भंडारे की सामग्री का सहयोग कर रहा है।

नया खानी जुहार भेंट में पूर्व विधायक चंदन का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

बस्तर अंचल के पारंपरिक तिहार नया खानी के अवसर पर पूर्व विधायक चंदन कश्यप का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सम्मान किया।

नया खानी जुहार भेंट के तहत कार्यकर्ताओं ने उनसे मिलकर गुड़, चिवड़ा और गमछा भेंट किया। बस्तर में नया खानी तिहार के बाद एक-दूसरे से मिलकर सम्मान करने की परंपरा है। इसी परंपरा के तहत जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया जाता है। कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक को बधाई देते हुए सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर पूर्व विधायक चंदन कश्यप ने कहा कि नया खानी बस्तर की संस्कृति और किसान परंपरा का प्रतीक है। यह त्यौहार नई फसल के स्वागत और प्रकृति के प्रति आभार का पर्व है। उन्होंने सभी को नया खानी की बधाई दी और परंपराओं को बनाए रखने की बात कही।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, ग्रामीण और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी ने एक-दूसरे को नया खानी की जुहार भेंट दी।

खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले में 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2026-27 के अंतर्गत 19 सितंबर से 22 सितम्बर तक राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कबड्डी 17 वर्ष आयु वर्ग तथा सॉफ्टबॉल 14 वर्ष आयुवर्ग के

■ 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ समापन

बालक-बालिका खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में राज्य के बस्तर, रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर एवं सरगुजा संभाग से लगभग 60-60 प्रतिभागियों ने भाग लिया इस प्रकार क्रीड़ा प्रतियोगिता में कुल 300 प्रतिभागी प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए। इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल भावना, अनुशासन एवं प्रतिस्पर्धात्मक उत्साह का परिचय देते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इस प्रतियोगिता के परिणाम में कबड्डी बालक वर्ग 17 वर्ष प्रथम स्थान बिलासपुर संभाग, द्वितीय स्थान बस्तर संभाग, तृतीय स्थान रायपुर संभाग। कबड्डी बालिका वर्ग 17वर्ष प्रथम स्थान बिलासपुर संभाग, द्वितीय स्थान बस्तर संभाग, तृतीय स्थान रायपुर संभाग रहा है। इस प्रकार सॉफ्ट बाल में बालक वर्ग 14 वर्ष प्रथम स्थान बस्तर संभाग, द्वितीय स्थान बिलासपुर संभाग, तृतीय स्थान दुर्ग संभाग, सॉफ्ट बाल में बालिका वर्ग 14 वर्ष प्रथम स्थान बस्तर संभाग, द्वितीय स्थान दुर्ग संभाग,तृतीय स्थान रायपुर संभाग रहा है।

संपूर्ण प्रतियोगिता में बस्तर संभाग की टीम ओवरऑल चैम्पियन रही। समापन समारोह को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रतियोगिता के दौरान कबड्डी के एक मुकाबले में बेहद रोमांचक क्षण भी देखने को मिला। बस्तर की बेटी सुखमती ने मुकाबले के अंतिम 30 सेकंड में शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को जीत की ओर पहुंचाया और महत्वपूर्ण 5 अंक अर्जित किए। उनके इस प्रदर्शन ने दर्शकों में खासा उत्साह भर दिया। मुड़ामी ने समापन अवसर पर विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी गई तथा आगामी प्रतियोगिताओं में और बेहतर प्रदर्शन के लिए दोगुनी मेहनत एवं तैयारी के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि खेल प्रतियोगिताएं बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना का विकास करती हैं। उन्होंने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा सभी प्रतिभागियों से निरंतर अभ्यास, मेहनत और समर्पण के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अपने उद्बोधन में खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ने और जिले एवं प्रदेश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। 26 वीं राज्य स्तरीय शालेय प्रतियोगिता का सफल संचालन एवं आयोजन कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। उनके मार्गदर्शन एवं सहयोग से प्रतियोगिता को सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया।

यातायात नियम, सड़क सुरक्षा व साइबर अपराध से बचाव को लेकर छात्राओं को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कटेकल्याण में थाना गीदम के तत्वावधान में विद्यालय की छात्राओं के लिए यातायात नियम, सड़क सुरक्षा एवं साइबर अपराध जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना, सड़क पर सुरक्षित व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव हेतु आवश्यक सावधानियों की जानकारी प्रदान करना रहा। कार्यक्रम के प्रारंभ में पुलिस विभाग से उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों का विद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य कुलदीप सिंह, शिक्षकगण एवं छात्राओं द्वारा आत्मीय एवं हार्दिक स्वागत किया गया। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य कुलदीप सिंह, थाना गीदम के सहायक उपनिरीक्षक कुलदीप एक्का, एएसआई प्रमोद कुमार यादव, एएसआई देव साहू, प्रधान आरक्षक कार्लुस मिंज, महिला प्रधान आरक्षक हेमलता सलाम, रेखा लकड़ा एवं अन्य पुलिसकर्मियों तथा छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम की भूमिका एवं उद्देश्य पर शिक्षक डी.आर रात्रे ने संक्षिप्त एवं सारगर्भित उद्बोधन दिया।

.. शपथ पत्र..

मैं मनीषा नाग पिता पप्पू राम नाग, उम्र लगभग 24 वर्ष, निवासी धरमपुरा नं. 1. धुरवापारा, अटल बिहारी बाजपेयी वार्ड, जगदलपुर जिला' बस्तर, छग शपथपूर्वक निम्न कथन करती हूं:-

1. यह कि मेरे नाम 'मनीषा नाग' की सही अंग्रेजी स्पेलिंग MANISHA NAG है जो मेरे आधार सं. 4436 9307 6463, पेन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र में दर्ज है।
2. यह कि कक्षा दसवीं सन् 2017 एवं बारहवीं सन 2019 की मेरी मूल अंकसूची एवं शैक्षणिक अंकसूचियों में मेरे नाम 'मनीषा नाग' की अंग्रेजी स्पेलिंग त्रुटिवश MANEESHA NAG दर्ज किया गया है जो गलत है।
3. यह कि उक्त दोनों नाम वाली महिला एकमात्र मैं स्वयं हूं।
4. यह कि मैं अपने सभी अंकसूचियों में अपने नाम की संही अंग्रेजी स्पेलिंग पढ़े व लिखे जाने के समर्थन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रही हूं।

मनीषा नाग
शपथकर्ती

सिरहासार, काछनगुड़ी और जिया डेरा पहुंचकर परखीं व्यवस्थाएं

दशहरा की तैयारियां तेज, कलेक्टर और एसपी ने किया विभिन्न स्थलों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक बस्तर दशहरा पर्व को भव्य और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन सभी आवश्यक व्यवस्था एवं तैयारियों को सुनिश्चित कर रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को कलेक्टर आकाश छिकारा और पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने संयुक्त रूप से बस्तर दशहरा पर्व से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया।

महत्वपूर्ण स्थलों का मुआयना

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सिरहासार, काछनगुड़ी, जिया डेरा, माड़ियि सराय, निशा जात्रा गुड़ी और दशरा पसरा पहुंचकर वहां की मौजूदा स्थिति, साफ-सफाई, सुरक्षा, यातायात तथा श्रद्धालुओं व रस्म अदायगी से जुड़े लोगों के ठहरने की सुविधाओं का गहन मुआयना किया। अधिकारियों ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ तय समय-सीमा के पूर्व सभी कार्यों एवं व्यवस्थाओं को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय खन्ना, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, सहायक कलेक्टर यशवंत नायक, अनुविभागीय दंडाधिकारी मनीष वर्मा सहित राजस्व, लोक निर्माण तथा अन्य विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी साथ रहे, जिन्होंने व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त किए।

जगदलपुर। शहर के धरमपुरा रोड स्थित पुराना हाऊसिंग बोर्ड कालोनी में सार्वजनिक गणेशोत्सव मनाया जा रहा है। इस दौरान कालोनीवासियों की ओर से शाम को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

खबर संक्षेप

सार्वजनिक वितरण प्रणाली बनी जरूरतमंदों का संबल

जगदलपुर। सार्वजनिक वितरण प्रणाली दूरस्थ व ग्रामीण अंचलों के परिवारों के लिए जीवनदायिनी साबित हो रही है। विकासखंड बस्तर के ग्राम पंचायत विश्रामपुरी निवासी फुलबती बंछोर के परिवार के लिए शासकीय उचित मूल्य की दुकान से मिलने वाला नियमित राशन एक बड़ा संबल बनकर उभरा है। शासन की इस पहल ने फुलबती के घर की दैनिक खाद्य आवश्यकताओं की चिंता को दूर कर दिया है। समय पर अनाज उपलब्ध होने से परिवार की खाद्य सुरक्षा मजबूत हुई है और घरेलू बजट पर पड़ने वाला आर्थिक भार कम हुआ है। फुलबती बताती हैं कि नियमित राशन मिलने से जीवन-यापन में सीधा आर्थिक सहयोग मिला है। इससे घर में सुरक्षा का वातावरण बना है और सदस्यों का आत्मविश्वास बढ़ा है। यह पारदर्शी व्यवस्था ग्रामीणों के जीवन में स्थिरता ला रही है।

बस्तर में फिर बदला मौसम दोपहर से लगातार बारिश

जगदलपुर। बस्तर संभाग में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदल गया है। मंगलवार को जगदलपुर में दोपहर करीब 1 बजे से बारिश शुरू हुई, जो शाम तक लगातार जारी रही। मौसम में बदलाव के साथ तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 23 और 24 सितंबर को बस्तर संभाग के अधिकांश जिलों में बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। बस्तर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, बीजापुर और नारायणपुर जिलों में कई स्थानों पर भारी से अति भारी बारिश होने का अनुमान है। वहीं सुकमा और कांकेर में भी अधिकांश स्थानों पर मध्यम बारिश हो सकती है।लगातार दो दिनों तक बारिश की संभावना को देखते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। खासकर नदी-नालों और जलभराव वाले क्षेत्रों से अनावश्यक रूप से गुजरने से बचने की जरूरत है।इन जिलों में भारी बारिश का अनुमानःबस्तर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, बीजापुर और नारायणपुर वहीं मध्यम से भारी बारिश की संभावना सुकमा और कांकेर में।

समय-सीमा बैठक में जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा

कार्यों में लापरवाही पर कलेक्टर सख्त कई अधिकारियों को शो-कॉज नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर आकाश छिकारा की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में समय-सीमा बैठक संपन्न हुई। बैठक में शासन की प्राथमिकताओं और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सेवा संकल्प अभियान को सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सेवा सेतु अभियान के तहत जनसमस्या निवारण शिविरों से एक सप्ताह पूर्व ही आवेदनों का संकलन सुनिश्चित किया जाए, ताकि मौके पर ही गुणवत्तापूर्ण समाधान हो सके। शिविर स्थल पर ही आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, पेंशन, राजस्व दस्तावेज और जाति-निवास प्रमाण पत्र जैसी महत्वपूर्ण 26 जनहितकारी योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने पर विशेष जोर दिया गया।

- शिविरों के सफल संचालन पर जोर

बैठक में जिला पंचायत सीईओ तन्मय खन्ना, अपर कलेक्टर सीपी बघेल, नगर निगम आयुक्त प्रवीण वर्मा, सहायक कलेक्टर यशवंत नायक तथा सभी अनुविभागीय दंडाधिकारी सहित जिला स्तरीय वरिष्ठ अधिकारी प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित रहे। वहीं जिले के सभी तहसीलदार, जनपद सीईओ और खंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

राजस्व और जल जीवन मिशन पर कड़ा रुख

राजस्व मामलों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने डिजिटल क्रॉप सर्वे के जरिए खरीफ गिरदावरी का कार्य तय समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 2 अक्टूबर को आयोजित होने वाली ग्राम सभाओं में गिरदावरी रिपोर्ट का अनिवार्य रूप से वाचन किया जाए, जिससे आगामी धान खरीदी के दौरान किसानों को सहूलियत हो सके। नक्शा बटांकन, खसरा अद्यतनीकरण और नामांतरण के लंबित मामलों के निराकरण में तेजी लाई जाए। जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा के दौरान अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की चेतावनी दी गई। पिछले दो महीनों में जिन तहसीलदारों ने खसरा बनाने के बाद भी नक्शा अद्यतन नहीं किया है, उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

लापरवाही पर अधिकारियों पर गिरी गाज

बस्तर मुन्ने अभियान के तहत कमजोर प्रदर्शन पर जनपद पंचायत तोकापाल के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) को तत्काल कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग, संस्थागत प्रसव और आयुष्मान कार्ड सैचुरेशन में लापरवाही बरतने वाले ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर्स (बीएमओ) के विरुद्ध भी कार्यवाही हेतु शो-कॉज नोटिस जारी करने को कहा गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के औचक निरीक्षण में पाई गई अनियमितताओं, दवाओं के स्टॉक मिलान में गड़बड़ी और ओपीडी रिकॉर्ड दुरुस्त न होने पर बीएमओ दरभा को भी कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया।

जगदलपुर। डोकरीघाट पारा गणेशोत्सव समिति।

संग्राम कप वॉलीबॉल में बड़े मारेंगा विजेता, ढोडरेपाल उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

रोटरी क्लब ऑफ जगदलपुर एवं डांड चौक गणेश समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित संग्राम कप वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन 22 सितंबर को हुआ। प्रतियोगिता में कुल 21 टीमों ने हिस्सा लिया। रोमांचक मुकाबलों के बाद बड़े मारेंगा की टीम ने विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि ढोडरेपाल की टीम उपविजेता रही।प्रतियोगिता का आयोजन रोटरी क्लब के "11 दिन, 11 पुण्यकार्य—सेवा ही प्रसाद है" अभियान के तहत किया गया। आयोजन का उद्देश्य युवाओं को खेलों से जोड़ने के साथ ही मादक पदार्थों एवं तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना रहा। आयोजकों ने खेल के माध्यम से युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और नशे से दूर रहने का संदेश दिया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एमआईसी सदस्य एवं रोटेरियन संग्राम सिंह राणा रहे। उन्होंने प्रतियोगिता की विजेता एवं उपविजेता टीमों के लिए ट्रॉफियों का प्रायोजन किया। इस दौरान अटल बिहारी वाजपेयी वार्ड की पार्षद बसंती समरथ, रोटरी क्लब अध्यक्ष मनोज थॉमस एवं सचिव अंकित गोयल सहित आयोजन समिति के सदस्य मौजूद रहे।समापन अवसर पर विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। रोटरी क्लब एवं डांड चौक गणेश समिति ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी लोगों और प्रतिभागी टीमों के प्रति आभार व्यक्त किया। आयोजकों ने कहा कि खेल युवाओं को सकारात्मक दिशा देने का प्रभावी माध्यम है और ऐसे आयोजनों के जरिए नशामुक्त समाज का संदेश आगे भी दिया जाता रहेगा।

- 21 टीमों ने लिया हिस्सा, खेल के साथ दिया नशामुक्ति का संदेश

विद्यार्थियों ने बस्तर क्रिएटर्स हब का किया दौरा पॉडकास्ट और एडिटिंग की सीखीं बारीकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के छात्र-छात्राओं ने मंगलवार को लाला जगदलपुरी सेंट्रल लाइब्रेरी परिसर स्थित बस्तर क्रिएटर्स हब का तकनीकी दौरा किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने पॉडकास्ट स्टूडियो, रिकॉर्डिंग और एडिटिंग प्रक्रिया की बारीकियां सीखीं।

मौके पर पहुंचे सहायक कलेक्टर यशवंत नायक ने युवाओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि कंटेंट क्रिएशन में स्वरोजगार की बेहतर संभावनाएं हैं। युवा क्षेत्रीय बोली में आकर्षक कंटेंट तैयार कर शासकीय योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं। इस हाइटेक स्टूडियो में आधुनिक कैमरे और आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं।

संवाद के जिला कोऑर्डिनेटर ने बताया कि स्टूडियो में हाइटेक कैमरे, माइक, मिक्सर और एडिटिंग सिस्टम उपलब्ध हैं। सितंबर और अक्टूबर महीने में युवाओं के लिए यहां रिकॉर्डिंग की सुविधा पूरी तरह निःशुल्क रखी गई है। इसके बाद नॉमिनल फीस ली जाएगी।

विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार सोनी के मार्गदर्शन में डॉ. कुमार सिंह तोप्पा व निरंजन कुमार ने टीम का नेतृत्व किया। विजिट में कालेंद्र, हर्षवर्धन, सुरेंद्र, आशीष, प्रशांत सहित पत्रकारिता विभाग के अन्य छात्र उपस्थित थे।

जगदलपुर। पावर हाउस चौक में स्थापित गणेश जी।

भोजन की खराब गुणवत्ता से छात्राओं के स्वास्थ्य पर मंडराया खतरा

नर्सिंग कॉलेज छात्रावास के भोजन में मिल रहे कीड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

नर्सिंग कॉलेज की छात्राओं को किस तरह का खाना परोसा जा रहा है। छात्राओं का कहना है कि छात्रावास में खाने की गुणवत्ता को लेकर पहले भी कई बार शिकायतें सामने आ चुकी हैं। उनका आरोप है कि भोजन में बार-बार कीड़े और अन्य संदिग्ध चीजें दिखाई दे रही हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य को लेकर गंभीर चिंता बनी हुई है। छात्राओं का कहना है कि लगातार इस तरह का भोजन मिलने से उन्हें स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले में नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या ने फोन को रिसिव नहीं किया।

जगदलपुर। शांतिनगर युवा गणेशोत्सव समिति।

एई, जेई ने सरपंच व ग्रामवासियों की मौजूदगी में स्थल निरीक्षण कर किया भौतिक सत्यापन

मिचनार-2 में कनेक्शनों की जांच, स्मार्ट मीटर से पहले का मिला बकाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले के लोहंडीगुड़ा क्षेत्र के ग्राम मिचनार-2 में स्मार्ट मीटर लगने के बाद विद्युत बिल अधिक आने की शिकायत पर विद्युत कंपनी लोहंडीगुड़ा उप संभाग के सहायक अभियंता राजेन्द्र नेताम एवं कनिष्ठ अभियंता ने मंगलवार को सरपंच एवं ग्रामवासियों की मौजूदगी में स्थल निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन किया। डीएलएफ एवं बीपीएल श्रेणी के 11 कनेक्शनों की जांच में 6 के बिल सही पाए गए, जबकि 5 कनेक्शनों में बकाया राशि लंबित मिली। जांच में सामने आया कि इन उपभोक्ताओं की बकाया राशि स्मार्ट मीटर लगने से पहले की है।

उपभोक्ताओं ने मुख्यमंत्री विद्युत बिल समाधान योजना के तहत निर्धारित प्रोसेसिंग फीस भी जमा नहीं की थी, जिसके कारण उन्हें योजना की छूट और रिबेट का लाभ नहीं मिल सका। इसी वजह से पुरानी बकाया राशि वर्तमान बिल में प्रदर्शित हो रही है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में अधिक बिल आने का कारण स्मार्ट मीटर नहीं, बल्कि मीटर स्थापना से पूर्व की लंबित बकाया राशि है। निरीक्षण के दौरान ग्रामवासियों को पूरी स्थिति की जानकारी दी गई और संबंधित उपभोक्ताओं को योजना के तहत प्रोसेसिंग फीस जमा कर लाभ लेने की जानकारी दी गई।

11 कनेक्शनों की जांच

विद्युत कंपनी के सहायक एवं कनिष्ठ अभियंता ने मंगलवार को ग्राम मिचनार-2 में 6 कनेक्शन के बिल सही मिले, 5 कनेक्शन में पुराना बकाया मिला, बकाया राशि स्मार्ट मीटर लगने से पहले की योजना की प्रोसेसिंग फीस जमा नहीं करने से छूट-रिबेट नहीं मिला। पुरानी बकाया राशि ही वर्तमान बिल में जुड़कर प्रदर्शित हो रही है।